समाचार

शांतिनगर बस्ती में 27 लाख रू. की लागत से बनेगी सी.सी.सड़क

(राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने किया सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन)

कोरबा 07 नवम्बर 2022 – राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने निगम के बांकीमोंगरा जोनांतर्गत वार्ड क्र. 56 शांतिनगर में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन मुख्य अतिथि के रूप में किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद द्वारा की गई, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बांकीमोंगरा जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 56 शांतिनगर बस्ती में अधोसंरचना मद से 27 लाख रूपये की लागत से सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य कराया जाना हैं। रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने उक्त सी.सी.सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया तथा कार्य का शुभारंभ कराया। उन्होने कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने एवं समयसीमा में कार्य को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों व निर्माण एजेंसी को दिए। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा क्षेत्र के सभी वार्डो में लगातार क्रमशः विकास के कार्य कराए जा रहे हैं तथा यह ध्यान रखा जा रहा है कि सड़क, नाली, पानी, बिजली से संबंधित किसी प्रकार की समस्या लोगों के सामने न आए। उन्होने कहा कि पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कार्यकाल से निगम क्षेत्र में शुरू हुई विकास की यात्रा लगातार जारी है, उक्त कार्यकाल में निगम क्षेत्र में पानी, बिजली, जैसी मूलभूत सुविधाओं की दिशा में ऐतिहासिक रूप से कार्य हुए हैं, बरसों से व्याप्त समस्याएं दूर की गई हैं, जिससे हम सभी परिचित हैं। उन्होने कहा कि कोरबा नगर निगम सहित सम्पूर्ण जिले में सड़कों पर बड़े पैमाने पर कार्य हो रहे हैं, आगे आने वाले निकट भविष्य में कोरबा जिले में सड़क से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या शेष नहीं रहेगी। उन्होने कहा कि सड़क, नाली, पानी, बिजली व अधोसंरचनात्मक विकास के साथ–साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, पर्यटन, मनोरंजन आदि क्षेत्रों में भी लगातार कार्य हो रहे हैं, मेडिकल कालेज की स्थापना, खेल अकादमी की

स्थापना, सर्वसुविधायुक्त उद्यानों का निर्माण, खेल परिसरों को निर्माण, स्कूलों का जीर्णोद्धार व नवनिर्माण, शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल, छात्रावासों का निर्माण आदि ऐसे कार्य हैं, जो कोरबा के लिए किसी उपलब्धि से कम नहीं है। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि कोरबा के सर्वांगीण विकास को पूर्णता अवश्य मिलेगी तथा कोरबा के विकास में किसी भी प्रकार का अवरोध पैदा होने नहीं दिया जाएगा।

सबके सहयोग के लिए तत्पर रहते हैं राजस्व मंत्री – इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सभी के सहयोग के लिए हर पल तत्पर रहते हैं, उन्हें कोई भी समस्या बताई जाए, उसका निराकरण वे अवश्य कराते हैं। उन्होने कहा कि राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कोरबा के अधोसंरचनात्मक विकास के लिए, नागरिक सुविधाओं की बेहतरी के लिए, शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य किया है, इन्हीं का परिणाम है कि इन क्षेत्रों में कोरबा को बड़ी सौगाते प्राप्त हुई हैं।

भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष व पार्षद सुरेन्द्रप्रताप जायसवाल, मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, सुरति कुलदीप, पार्षद पदमा साहू, पवन गुप्ता, एल्डरमेन गीता गभेल, परमानंद सिंह, कृषि कल्याण बोर्ड के सदस्य अमन पटेल, जनकदास कुलदीप, अनिल अग्रवाल, होलीराम कौशिक, रोशन पाटनवार, ममता पाटनवार, अंजीरा देवी, लक्ष्मण चौहान, मोनू महाराज, खीकराम, उषादेवी, मालती, रामकुमार, ममतादेवी, शीतलादेवी, हरी साहू, कलेश्वर, निर्मला देवी, पुरूषोत्तम, करिश्मा, साक्षी, दिव्या, अंजली, अशोक, प्रीतम, नितेश, गोल्डन, राकेश, कौशल, इन्द्रनारायण आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।